हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

14 अप्रैल 2026, समय 18:10

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पंचकूला के परेड ग्राउंड में राज्य स्तर का कार्यक्रम आयोजित, समता दौड़ से समरसता और समानता का संदेश दिया ।

2. केंद्रीय कानून राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि बाबा साहेब जैसे लोगों ने मानवता को रास्ता दिखाने का काम किया।

3. भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा इकाई ने पंचकूला में केंद्रीय समूह की बैठक मे नगर निकाय चुनाव और नारी शक्ति वंदन अधिनियम बारे जागरूकता लाने पर चर्चा की।

4. चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर एक स्मारक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

5.हरियाणा मे खालसा सृजना दिवस और बैसाखी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया।

---

डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पंचकूला के परेड ग्राउंड में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री,अर्जुन राम मेघवाल,हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बढ़ौली सहित विभिन्न कैबिनेट मंत्रियों ने शिरकत की।

इस अवसर पर केंद्रीय कानून राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने बाबा साहेब को नमन करते हुए कहा कि आज का दिन गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक दिन है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब जैसे लोगों ने मानवता को रास्ता दिखाने का काम किया है। ऐसे महान पुरुषों की शिक्षाएं हमारी धरोहर है।

श्री मेघवाल ने कहा कि हरियाणा में बीजेपी ने 13 अप्रैल से 20 अप्रैल तक बाबा साहेब की जयंती को सामाजिक समरसता के रूप में मनाने का फैसला किया है। आज इसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान और पंचकूला में समरसता दौड़ का आयोजन कर की गई है। इस दौरान बाबा साहेब के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बाबा भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि आज के दिन को समरसता दिवस के तौर पर मनाने का उद्देश्य बाबासाहेब के सामाजिक न्याय और समानता के संदेश को जन-जन तक पहुंचना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबासाहेब को कांग्रेस

में प्रताड़ित किया जाता था। देश के कानून मंत्री होते हुए भी उन्हें कई महत्वपूर्ण निर्णय से दूर रखा गया। सत्ता में रहते हुए कांग्रेस ने बाबा साहेब की राजनीतिक भूमिका को सीमित कर दिया गया था। क्योंकि बाबासाहेब ने कभी भी जिंदगी में समझौता नहीं किया वह अपने उसूलों पर चले ।कांग्रेस के लोगों ने हमेशा ही बाबा साहेब का नाम लेकर सियासत की है।

आज विपक्ष बोल रहा है कि संविधान खतरे में है परंतु संविधान को कोई खतरा नहीं है। भाजपा बाबासाहेब के सामाजिक न्याय की धारणा को लागू करने की दिशा में काम कर रही है।

---

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर पंचकूला के यवनिका गार्डन में समता दौड़ का आयोजन किया गया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समता रन को झंडी दिखाकर रवाना किया।

समता दौड़ में लोगों ने बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया और डॉ. अंबेडकर जी के सामाजिक समता के भाव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई।

---

भारतीय जनता पार्टी की हरियाणा इकाई ने आज पंचकूला मुख्यालय में केंद्रीय समूह की बैठक का आयोजन किया। पंचकमल में करीब 2 घंटे चली बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बारे जागरूकता लाने और नगर निकाय चुनाव सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि निकाय चुनाव के लिए पार्टी की जो समिति गठित होगी वह जिन निकाय में चुनाव है उनमें जाकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और उस क्षेत्र के विधायक और अन्य पदाधिकारियों से मुलाकात करके उम्मीदवारों के नाम पर चर्चा करेगी फिर 20 तारीख को उम्मीदवारों के नाम तय करने को लेकर प्रदेश चुनाव समिति की बैठक होगी।

---

संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती और बैसाखी पर्व जींद जिले में भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा कार्यक्रमों और रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और बाबा साहेब के दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण मिड्ढा ने 'जय बाबा वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा आयोजित प्रथम रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। संस्था के युवा सदस्यों की सराहना करते हुए उन्होंने सभी से रक्त दान करने की अपील की।

मीडिया कर्मियों से बातचीत में डॉ. कृष्ण मिड्डा ने कहा कि आज पूरा देश बाबा साहेब के बनाए संविधान  के अनुसार चल रहा है। उन्होंने कहा, "बाबा साहेब ने शिक्षा पर विशेष जोर दिया था। आज  उसका सुखद परिणाम देखने को मिल रहा है।

---------------------------------------------------------------------------------------------

चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर की  जयंती  पर आज सेक्टर-37 स्थित डॉ. अंबेडकर स्टडी सर्कल में एक स्मारक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी में राज्यसभा सांसद सतनाम सिंह संधू की धर्म पत्नी सुश्री दमंनदीप कौर संधू ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

कार्यक्रम में भारतीय संविधान के जनक डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया तथा सामुदायिक कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रशासनिक विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा  भी  विभिन्न संस्थानों में गतिविधियां आयोजित की गईं। विभाग के विधिक सलाहकार द्वारा इन संस्थानों में संवाद सत्र आयोजित कर डॉ. अंबेडकर के जीवन मिशन, विधिक विरासत एवं उनके ऐतिहासिक योगदान पर विस्तृत व्याख्यान दिए गए।

---------------------------------------------------------------------------------------------

आज खालसा  सृजना दिवस एवं बैसाखी का त्यौहार हरियाणा में धूमधाम से मनाया गया। अंबाला के ऐतिहासिक गुरुद्वारों शाही बाग, मंजी साहिब, पंजोखरा साहिब और लखनौर साहिब में विशेष दीवान सजाए गए, वहीं दूसरी ओर सामाजिक सरोकार निभाते हुए विशाल नि:शुल्क चिकित्सा सेवा शिविर भी आयोजित किए गए।  शिविर में करीब 600 मरीजों की नि:शुल्क जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित की गईं। गुरुद्वारों में सुबह से ही शबद कीर्तन, कथा व गुरुबाणी का पाठ चलता रहा।  अंबाला के  पंजाबी गुरुद्वारा साहिब में महान कीर्तन समागम का आयोजन किया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------

कुरुक्षेत्र की के.डी.बी. मेला ग्राउन्ड मे आयोजित राज्य स्तरीय बैशाखी महोत्सव मे आज सूचना, जनसंपर्क एंव भाषा विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में लोगो को रूबरू करवाया गया । इनमे गरीब कल्याण , किसान प्रगति , युवा जोश , स्वास्थ्य , उद्योग और निवेश की विस्तृत जानकारी मुहैया कराई गई । इसी तरह सुशासन , समावेशी विकास , नारी शक्ति, पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन और शगुन योजना को इसमे शामिल किया गया है। सरकार द्वारा विभिन्न वर्गों के लिए किए गए विकास कार्यों को भी प्रदर्शनी में दर्शाया गया।

इसके साथ ही बैसाखी महोत्सव 2026 में सिख इतिहास पर आधारित प्रदर्शनी में खालसा पंथ की स्थापना को विस्तार से समझाया गया। प्रदर्शनी में पंच प्यारे, पांच ककारों, पांच तख्त साहिब और पांच शीशों के बलिदान से भी रूबरू कराया गया।

---------------------------------------------------------------------------------------------